FYBA Hindi - I 14/10/15
I term
OP10AAK

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क)"न जाने उन्हें त्योहारों से क्या चिढ़ थी। दिवाली गुजर जाती पर वह भलमानस कौड़ी हाथ में न लेता। और होली का दिन तो उनकी भीषण परीक्षा का दिन था। तीन दिन वह घर से बाहर न निकलते। घर पर भी काले कपड़े पहने बैठे रहते थे।"

अथवा

"अरे, यह मंदिर उसका कैसे हो गया। ज्यादा ही पूजा – पाठ का शौक है तो अपना मंदिर बना ले अलग से। किसने रोका है। यह हमारा है। हम पूजा – पाठ, अनुष्ठान अपने ढंग से करेंगे। उसमे किसी शुद्र या मलेच्छ का प्रवेश निषिद्ध है।"

(ख)"वस्तुतः वह स्थान मेरे खरगोश, कबूतर, मोर, चकोर आदि जीव – जंतुओं का कारागार भी है। अस्पताल के सामने की पटरी पर कई छोटे – छोटे घर और बरामदे हैं जिनमें ये जीव – जंतु तथा इसके कठिन - ह्रदय जेलर दोनों निवास करते हैं।"

अथवा

"अदालत तक आते – आते बहुत से मामलों में अभियुक्त बरी हो जाते हैं। इन तथ्यों से लगता है कि या तो दहेज़ कानून में खामियाँ हैं या फिर हमारी पुलिस और अदालती प्रणालियों में कहीं कोई दोष है।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'साहब फिर कब आयेंगे माँ' कहानी के माध्यम से मंगली की विवशता को चित्रित कीजिये।

अथवा

'जूते' कहानी के माध्यम से मनोहर का चरित्र – चित्रण कीजिये।

(छ) 'मेरा जीवन' निबंध के माध्यम से प्रेमचंद जी के आत्मवृत्त पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'महात्मा गाँधी' निबंध में निहित सन्देश को अपने शब्दों में लिखिए।

पीछे देखिए....

9

—११/७/१९ + २१
Part I

२-Hindi

हिंदी

OP10AAK

<u>समय : २:३० घंटे</u> <u>पूर्णांक : ७५</u>

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखिए:- (१५)

(ट) 'निर्वासन' कहानी के माध्यम से माँ और बाबूजी की विवशता को चित्रित कीजिये।

अथवा

(ठ) 'कर कमल हो गये' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(त) 'सुखमय जीवन' ग्रंथ का सारांश।

अथवा

सूर्यास्त के बाद मार्ग भटकने की घटना।

(थ) पिंजरे में साँप के आने की घटना।

अथवा

'कुरीति तोड़ो, परिवार नहीं' रचना का सारांश।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के <u>एक</u> वाक्य में उत्तर लिखिए:- (१०)

१) 'सुखमय जीवन' कहानी में सुखमय जीवन किसका नाम है?

२) 'सच बोलने की भूल' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

३) पंडित श्रीनिवास को कौन सा त्योहार पसंद नहीं था?

४) 'साहब फिर कब आयेंगे माँ' कहानी की मुख्य स्त्री पात्र का नाम लिखिए।

५) ओमप्रकाश वाल्मीकि जी की रचना का नाम लिखिए।

६) 'मेरा जीवन' निबंध कितने अंकों में है?

७) महादेवी वर्मा के घर आयी विदेशी महिलाएँ मोर को कौन - सी उपाधि देती थी?

८) 'कर कमल हो गये' किस विधा में लिखी गयी रचना है?

९) रामकुमार वर्मा जी किस व्यक्ति से प्रभावित थे?

१०) अर्चना वर्मा जी ने किसे पत्र लिखा है?

****